नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर
7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com
स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ....................

दिनांक : 27.08.2020

# सत्र 2020–21 हेतु ऑनलाइन प्रवेश सूचना

सत्र 2020–21 हेतु बी.ए., बी.एस–सी., बी.काम. भाग दो एवं तीन तथा एम.ए., एम. काम. भाग दो की कक्षाओं में प्रवेश ऑनलाइन ही होगा। उक्त कक्षाओं में ऑनलाइन प्रवेश 1 सितम्बर 2020 से प्रारम्भ होगा। **ऑनलाइन प्रवेश हेतु पंजीकरण तथा शुल्क जमा करने की प्रक्रिया निम्नलिखित है –**

## प्रवेश पंजीकरण की प्रक्रिया

**1.** सर्वप्रथम कालेज के वेबसाइट mpm.edu.in पर जाये। नीचे **'महत्वपूर्ण'** वाले बाक्स में ऑनलाइन **प्रवेश लिंक** पर क्लिक करें तत्पश्चात **प्रवेश आवेदन सत्र 2020–21** लिंक को खोलें।

**2.** जिस कक्षा में प्रवेश हेतु आवेदन करना है उस लिंक को खोलें। आपके सामने प्रवेश आवेदन खुल जायेगा। **प्रथम वर्ष** के लिए आवेदन में समस्त विवरण भरें तथा **द्वितीय एवं तृतीय वर्ष** के लिए आवेदन में महाविद्यालय द्वारा प्राप्त आई.डी. संख्या एवं जन्मतिथि भरनें पर आवेदन पत्र भरा हुआ खुलेगा यदि उसमें कुछ कॉलम खाली हो और आवश्यक हो तो उसे भरें।

**3.** आवेदन पत्र भरने के पश्चात् अपनी स्कैन फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करें एवं **सबमिट डिटेल्स बटन** पर क्लिक करें।

## पंजीकरण शुल्क जमा करने की प्रक्रिया

**1.** पंजीकरण पूर्ण करने के पश्चात् पंजीकरण शुल्क जमा करने के लिए पेमेंट लिंक पर जाकर ऑनलाइन पेमेंट डेबिट/क्रेडिट कार्ड एवं इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से जमा करें तथा रजिस्ट्रेशन संख्या को नोट कर लें।

## अंकपत्रों का विवरण एवं विषय चुनने की प्रक्रिया

**1.** पंजीकरण शुल्क जमा कर लेनें के पश्चात् **प्रथम वर्ष** में प्रवेश आवेदन हेतु विद्यार्थी अपना 10वीं एवं 12वीं कक्षा के पूछे गये विवरण को भरें एवं महाविद्यालय द्वारा निर्धारित ग्रुप में से विषय चयन करें। **तृतीय** वर्ष में प्रवेश आवेदन हेतु महाविद्यालय द्वारा निर्धारित ग्रुप में से कोई दो विषय चयन कर लें।

## अंकपत्र एवं समस्त प्रमाण–पत्र अपलोड करने की प्रक्रिया

**1.** प्रथम वर्ष के लिए विषय चुनने के उपरान्त विद्यार्थी अपने स्कैन अंकपत्र तथा अन्य सभी प्रपत्रों को अपलोड करें।

**2.** द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में आवेदन के लिए अभी कोई प्रमाण–पत्र अपलोड करना अनिवार्य नही है।

## महाविद्यालय द्वारा सभी प्रपत्र सत्यापित होने के पश्चात्
## प्रवेश शुल्क जमा करने एवं प्रवेश आवेदन प्रिन्ट लेने की प्रक्रिया

**1.** सभी प्रपत्रों को महाविद्यालय द्वारा सत्यापित किये जाने के पश्चात् प्रवेश शुल्क जमा करने के लिए **पेमेंट लिंक** पर जाकर ऑनलाइन पेमेंट डेबिट/क्रेडिट कार्ड एवं इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से जमा करें तथा प्रवेश आवेदन एवं पेमेंट रिसिप्ट का प्रिन्ट लेकर प्रति सुरक्षित रखें।

(प्राचार्य)